प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया उद्घाटन : कहा– दुनिया भर के निवेशकों को आकर्षित कर रहा है उत्तर प्रदेश।
2. मेक इन इंडिया पहल के दस वर्ष हुए पूरे : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– योजना की सफलता 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प का उदाहरण।
3. लखनऊ में 15 से 18 नवम्बर के बीच होगा कृषि भारत मेले का आयोजन : पार्टनर कंट्री के रूप में शामिल होगा नीदरलैंड।

और

4. बांग्लादेश क्रिकेट टीम पहुंची कानपुर : ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितम्बर से खेला जाएगा भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज़ का दूसरा मैच।

———————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने आज ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के विकास में काफी बढोतरी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हुए बेहतरीन विकास के कारण आज दुनिया भर के निवेशक

उत्तर प्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री के अभियान में उत्तर प्रदेश भी 1 ट्रिलियन की इकॉनॉमी बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक एमएसएमई यूनिट वाला राज्य है। बाइट.........

*उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा आबादी का राज्य तो है ही लेकिन यह एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला राज्य है। एक सर्वे के अनुसार लगभग छियान्नवे लाख एमएसएमई यूनिट यूपी के 75 जनपदों में फैला हुआ है और यह छियान्नवे लाख एमएसएमई यूनिट उत्तर प्रदेश में कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है यह वही यूपी है जो आज से सात वर्ष पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था। आज यह देश के विकास का एक ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है।*

केन्द्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर भारत से निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान देता है। उत्तर प्रदेश में देश की 14 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयां स्थापित हैं, इससे देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलता है। 25 से 29 सितंबर तक आयोजित इस ट्रेड शो में रक्षा, कृषि ई–कॉमर्स, आईटी, जीआई, शिक्षा, अवस्थापना, बैंकिंग, आदि के लगभग 25 सौ स्टॉल लगाए गये हैं। वियतनाम इस आयोजन का साझेदार देश है।

———————

ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की तज पर नवंबर में कृषि भारत मेले का आयोजन किया जाएगा। 15 से 18 नवंबर के मध्य राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित इस मेले के माध्यम से प्रदेश के कृषि क्षेत्र मे नवाचारों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस आयोजन में पार्टनर कंट्री के रूप में नीदरलंड को सम्मिलित किया गया है। इसमें 200 स ज्यादा कृषि क्षेत्र से जुड़े स्टाल लगाये जायेंगे। साथ ही एक लाख से अधिक अन्नदाता किसान भी इस आयोजन में शिरकत करेंगे।

——————

केंद्र सरकार की पहल मेक इन इंडिया को आज 10 साल पूरे हो गए हैं। इस अवधि के दौरान सरकार ने कई प्रमुख योजनाएं लागू की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया भारत को विनिर्माण और नवाचार शक्ति केंद्र बनाने के 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प का उदाहरण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मेक इन इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप देश को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभारने वाली योजना ने विश्वसनीयता और गुणवत्ता के रूप में 'ब्रांड इंडिया' को वैश्विक पटल पर स्थापित किया है।

——————

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के शुरूआती 100 दिनों में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए कृषि के क्षेत्र में कई बड़े फैसले लिए गए है। किसान सम्मान निधि, स्टार्ट–अप और 'एग्रीश्योर फंड' के माध्यम से किसानों को लाभ पहुंचाया गया है। मेरठ में सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एंव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट निदेशक प्रोफेसर आर.एस. सेंगर ने कहा है कि किसानों के लिए सरकार ने जो कदम उठाए है उनसे देश के अन्नदाताओं को प्रोत्साहन मिला है। बाइट.......

*ड्रिप इरिगेशन के बारे में बात हो या सड़कों का जाल जो गाँव में बिछाया जा रहा है उसकी बात करे या ई–मार्केटिंग की बात करते हैं तो इन सब चीजों की तरफ हम देखते हैं तो किसानों के लिए यह काफी लाभकारी योजनाएं थी जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है साथ साथ एमएसपी पर जिन फसलों को खरीदा जाना था समय पर उनको खरीदा गया और किसानों को उसकी अच्छी कीमत भी मिल सकी है। इसके अलावा प्राकृतिक खेती और जो अन्य खेती करनी है उसपे भी भारत सरकार ने विशेष जोर दिया है। कृषि विधिकरण को बढ़ाने के लिए सरकार काफी काम कर रही है जिससे किसानों का चहुमुखी विकास हो सके।*

———————

प्रदेश में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न हो रहे हैं। इसी क्रम में नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने अलीगढ़ में सफाई मित्रों को सफाई किट वितरित की। वहीं लखनऊ के केन्द्रीय संचार ब्यूरो और पत्र सूचना कार्यालय ने अलीगंज स्थित सबरी बस्ती में लोगों को स्वच्छता शपथ

दिलाई। हमीरपुर के राजकीय बालिका विद्यालय मौदहा की छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया।

————————

हापुड़ में फसलों के अवशेष जलाने पर अब 15 हजार रूपए का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने हर राजस्व ग्राम में नोडल अधिकारी तैनात कर दिए हैं। जिला कृषि अधिकारी मनोज सिंह न बताया कि एनजीटी के आदेश के पालन के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। पराली जलाने की घटनाओं पर सेटेलाइट से नजर रखी जाएगी।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

अंत्योदय के प्रणेता, चिंतक और विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की आज 108वीं जयंती है। इस अवसर

पर प्रदेश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया़ गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की दृष्टि और विजन के कारण गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्सा बने। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सदस्यता अभियान के तहत पांच लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। वहीं चित्रकूट में पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती उद्यमिता विद्यापीठ में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उनके जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का मंचन भी किया गया। मथुरा में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया गया। अमरोहा के हसनपुर में ∓ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।

———————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम विकास विभाग में खाली पदों पर जल्द भरने के निर्देश दिये हैं। विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारियों के खाली पदों पर प्रमोशन के लिये डीपीसी पूरी हो चुकी है और जल्द विभाग को 100 से ज्यादा बीडीओ मिल जायेंगे। उपमुख्यमंत्री ने खाली पदों का ब्यौरा भी तलब किया है।

———————

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यांत्रिक बुद्धिमत्ता, एआई फेलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए बी.टेक और एम.टेक के विद्यार्थी पात्र हैं। मंत्रालय ने यांत्रिक बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में पीएचडी की फेलोशिप प्रदान करने के लिए शीर्ष 50 अनुसंधान संस्थानों से भी सहभागिता का अनुरोध किया है। आवेदन इस महीने की 30 तारीख़ तक किए जा सकेंगे।

---------

प्रदेश के जनजाति बाहुल्य 517 गांवों में दो अक्टूबर से प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू होगा। अभियान के तहत इन गांवों में रहने वालों को मूलभूत सुविधा के साथ विकास की अन्य योजनाओं का लाभ दिलवाया जायेगा।

---------

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितम्बर से भारत और बांग्लादेश टेस्ट मैच सीरीज़ का दूसरा और आखरी मैच खेला जाएगा। इसके लिए मेजबान और मेहमान टीमें कल कानपुर पहुंच गई हैं। तीन साल बाद कानपुर का ग्रीन पार्क स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की मेजबानी कर रहा है। ऐसे में सभी व्यवस्थाओं पर खास ध्यान दिया गया है।

---------

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज वाराणसी के महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 46 वे दीक्षांत समारोह में अध्यक्षता की। उन्होंने समारोह में 18 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किये। दीक्षांत समारोह में कुल 97 हजार 252 डिग्रियां और उपाधिया वितरित हुईं, जिनको कुलाधिपति ने बटन दबाकर डिजिलॉकर पर अपलोड किया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने व्यवहारिक ज्ञान के महत्व पर जोर दिया।

—————————

हज यात्रा 2025 के लिये ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा बढ़ा कर 30 सितम्बर कर दी गई है। प्रदेश से करीब 13 हजार नौ सौ लोगों ने अब तक आवेदन किया है।

.........................

राष्ट्रीय पुस्तक मेले का 21वां संस्करण लखनऊ के बलरामपुर गार्डन में 27 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक आयोजित होगा।

.........................

झांसी मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की आज मण्डलीय समीक्षा को। उन्होंने चिकित्सा इकाईया की गुणवत्ता को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए।

.........................

आयुष्मान भारत योजना के 6 साल पूरे होने पर जौनपुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी बांटे गए।

........................

संतकबीरनगर पुलिस अपराध रोकने के लिये ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत चौराहों पर सीसीटीवी लगवा रही है। इनकी मॉनिटरिंग कलेक्ट्रेट परिसर से की जाएगी।

(समाप्त)